Form no. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर

अंजूरानी व अन्य बनाम ओमप्रकाश छाबडा व अन्य

किस्म मुकदमाः–अपील अन्तर्गत धारा 75 भूराजस्व अधिनियम प्रकरण संख्या :– 31/2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.02.2021	आज यह पत्रावली अपीलांटगण द्वारा जरिये अधिवक्ता श्री राकेश मनचन्दा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर पेशी में ली गई। अपीलांटगण ने जरिये अधिवक्ता निवेदन किया कि उपरोक्त अनवानी अपील में अपीलांटगण का रेस्पोडेंटगण से राजीनामा हो गया है। अपीलांटगण प्रकरण में स्वर्गीय श्री निहालचन्द द्वारा निष्पादित वसीयत दिनांक 11.04.2018 को सही व सत्य होना स्वीकार करती है। अपीलांटगण का प्रश्नगत भूमि तहसील घडसाना के चक 8 आरजेडी पत्थर न. 137/19 मुरब्बा न. 12 का किला न. 11 ता 25 में कुल 3.7190 है0 के सन्दर्भ में आज के उपरांत रेस्पोडेंटगण से कोई वाद विवाद शेष नहीं रहा है। अपीलांटगण इस अपील को राजीनामा के आधार पर आगे चलाना नहीं चाहते है। अतः अपील इसी स्तर पर दाखिल दफ्तर फरमाई जावे। अपीलांटगण द्वारा जरिये अधिवक्ता प्रस्तुत प्रार्थना शामिल मिसल किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलांटगण द्वारा जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपील आगे नहीं चलाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः प्रार्थना पत्र अपीलांट स्वीकार किया जाता है तथा अपील अपीलांट इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील तरतीब दाखिल दफतर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। (डॉ0 हरीतिमा) अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़	

Scanned by CamScanner